के कारखाने, अखबारी 'कागज/लुग्दी बनाने के कारखाने तथा फल परिरक्षण एककों की स्थापना का निर्णय बिहार राज्य में उद्योगों की स्थापना करने सम्बन्धी कार्यक्रम के अंग के रूप में किया है ।

"बियर" बनाने के लिये जौ का प्रयोग

*711. श्री रामगोपाल शालवाले : क्या औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या लाखों मन जौ 'बियर' बनाने के काम में लाया जाता है, जब कि खाद्य पदार्थ के रूप में जौ उतना ही अच्छा है, जितना गेहूं ; और

(ख) यदि हां, तो क्या मद्यनिषेध की नीति तथा अनाज को बचाने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सरकार का विचार 'बियर' बनाने के लिये जौ का प्रयोग बन्द करने का है ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) और (ख). बियर बनाने में लगभग 4,000 मी० टन जौ का इस्तेमाल किया जा रहा है । इस प्रयोजन के लिये जौ का इस्तेमाल मना किये जाने के बारे में कोई भी प्रस्ताव नहीं है ।

फिर भी बियर को कुछ वर्षों से लाइसेंस दिये जाने पर रोक लगाये गये उद्योगों की सूची में रख दिया गया है और बियर बनाने के लिये कोई नये लाइसेंस नहीं दिये गये हैं ।

श्रीलंका के साथ व्यापार

*712. श्री यज्ञदत्त शर्मा :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री ओंकार लाल बेरवा :
श्री बेनी शंकर शर्मा :
श्री ओ० प्र० त्यागी :
श्री प्रकाशवीर शास्त्री :
श्री रामगोपाल शालवाले :
श्री शिव कुमार शास्त्री :
श्री रघुवीर सिंह शास्त्री :

क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 5 जून, 1967 के 'इन्डियन एक्सप्रेस' समाचार पत्र के दिल्ली संस्करण में प्रकाशित इस आशय के समाचार की ओर दिलाया गया है कि श्री लंका के व्यापार मंत्री ने भारत के साथ व्यापार कम करने की घोषणा की है ;

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ; और

(ग) इसके परिणामस्वरूप भारत का विदेशी मुद्रा की कितनी हानि होगी ?

वाणिज्य मंत्री (श्री दिनेश सिंह) : (क) जी, हां । किन्तु हमें पता चला है कि समाचार वास्तव में सही नहीं है ।

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठते ।

नेपाल को कपड़े का निर्यात

*713. श्री रघुवीर सिंह शास्त्री :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री प्रकाशवीर शास्त्री :
श्री अर्जुन सिंह भदौरिया :
श्री शिव कुमार शास्त्री :
श्री रामावतार शर्मा :
श्री राम गोपाल शालवाले:
श्री ओंकार लाल बेरवा :
डा० सूर्य प्रकाश पुरी :

क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नेपाल को भारतीय सूती कपड़े का निर्यात कम हो गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या इस कमी का